HALF YEARLY EXAMINATION, 2024-25

HINDI

Time – 3:00 Hrs. **Class – V** **M.M. : 80**

Date – 13.09.2024 (Friday)

Name of the student ____Section _____

निर्देश– 1.प्रश्न–पत्र चार खण्डों में विभाजित है ।
2. सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है ।
3. स्पष्ट एवं सारगर्भित उत्तर अपेक्षित है।

(खंड–अ)

प्र.1– नीचे लिखे पठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर का सही विकल्प चुनकर लिखिए – (4)

छब्बीस साल की इला गुजरात के सूरत जिले में रहती हैं । उनका बचपन अमरेली जिले के राजकोट गाँव में नाना के यहाँ बीता । साँझ होते ही मोहल्ले के बच्चे घरों से बाहर आ जाते । कुछ मिट्टी में आड़ी–तिरछी लकीरें खींचते, कुछ कनेर के पत्तों से पिटपिटी बजाते, कुछ गिट्टे खेलते, कुछ इधर–उधर से टूटे–फूटे घड़ों के ठीकरे बटोरकर पिट्ठू खेलते ।

क) उपर्युक्त गद्यांश किस पाठ से लिया गया है ?
(अ) नन्हा फ़नकार (ब) जहाँ चाह वहाँ राह (स) चिट्ठी का सफ़र

ख) इला कितने साल की है ?
(अ) पच्चीस (ब) तीस (स) छब्बीस

ग) इला कहाँ रहती हैं ?
(अ) गुजरात के सूरत (ब) गुजरात के राजकोट (स) गुजरात के अमरेली

घ) इला का बचपन कहाँ बीता ?
(अ) मामा के घर (ब) नाना के घर (स) दादा के घर

प्र.2 नीचे लिखे पठित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर का सही विकल्प चुनकर लिखिए– (4)

मुन्नू ने गुड़िया ले ली है
मोहन ने मोटर गाड़ी
मचल–मचल सरला कहती है
माँ से लेने को साड़ी
कभी खिलौनेवाला भी माँ
क्या साड़ी ले आता है ।

क) उपर्युक्त पद्यांश किस पाठ से लिया गया है ?
(अ) भोले भाले बादल (ब) खिलौनेवाला (स) हमसे सब कहते हैं

ख) सरला किसके लिए मचल रही है ?
(अ) गुड़िया लेने के लिए (ब) मोटर लेने के लिए (स) साड़ी लेने के लिए

(ग) गुड़िया और मोटर किस–किस ने ली ?
(अ) राजू और मोहन ने (ब) मुन्नू और मोहन ने (स) मोहन और सोहन ने

(घ) 'माँ' का पर्यायवाची शब्द है –
(अ) माता, जननी, अम्बा (ब) अम्बा, जनक, पितामही (स) माँ, बहन, मौसी

(खंड–ब)

प्र.3 एक शब्द में उत्तर लिखिए – (4)

(क) ताड़का को किसने मारा था ? (राम / कृष्ण)

(ख) माँ ने मोहन को कितने पैसे दिए ? (दो / चार)

(ग) केशव कितने साल का था ? (दस / बारह)

(घ) अकबर को केशव में क्या बनने की प्रतिभा नज़र आई ? (फ़नकार / मंत्री)

प्र.4 दिए गए शब्दों की सहायता से खाली स्थान भरिए – (2)

(क) पिनकोड की शुरुआत --------- को हुई । (15 अगस्त 1972 / 18 जुलाई 1972)

(ख) मलमली धोती का ------रंग खिल उठा था । (नीला / बादामी)

प्र.5 सही उत्तर पर (✓) और गलत उत्तर पर (✕) का निशान लगाइए – (2)

(क) इला ने दसवीं की परीक्षा पास की थी ।

(ख) प्रत्येक स्थान का अपना पिनकोड होता है ।

प्र.6 विलोम शब्दों के सही जोड़े से मिलान कीजिए – (2)

(क) आयात – अशुभ

(ख) मान – अपयश

(ग) शुभ – निर्यात

(घ) यश – अपमान

प्र.7 अनेकार्थक शब्द के गलत अर्थ चुनकर लिखिए – (2)

क) कनक – सोना धतूरा कनन

ख) पर – पंख ऊपर नीचे

प्र.8 दिए गए चित्रों को देखकर दो–दो पर्यायवाची शब्द लिखिए – (2)

(क)

(ख)

प्र.9 दिए गए शब्दों के सामने लिखिए – स्त्रीलिंग हैं या पुल्लिंग । (2)

(क) शेरनी (ख) पुस्तक

प्र.10 वचन बदलिए – (2)

(क) दवाई (ख) वस्तु

प्र.11 'मित्र' शब्द की भाववाचक संज्ञा का सही विकल्प -------- होगा । (2)

(अ) मित्रों (ब) मित्रता (स) शत्रु (द) सखा

प्र.12 नीचे दिए गए सर्वनाम के भेदों के दो– दो उदाहरण लिखिए । (2)

(क) प्रश्नवाचक – _______ _______

(ख) निजवाचक – _______ _______

(खंड–स)

प्र.13 (अ) दिए गए शब्दों के विलोम शब्द लिखिए । (5)

(क) अपेक्षा (ख) जीवन (ग) कठिन (घ) ज्ञान (ङ) धर्म

(ब) कोष्ठक में दिए गए शब्दों की सहायता से खाली स्थान में उचित पर्यायवाची शब्द लिखकर वाक्य पूर्ण कीजिए । (3)

(क) कृष्ण और सुदामा पक्के -------- थे । (सखा)

(ख) हिमालय -------- से कई नदियाँ निकलती है । (पहाड़)

(ग) ----------- में तारे चमकते हैं । (रजनी)

(स) लिंग बदलकर वाक्य <u>दुबारा</u> <u>लिखिए</u> – (3)

(क) अध्यापक कक्षा में पढ़ा रहे हैं ।

(ख) उस पड़ोसिन की नौकरी लग गई ।

(ग) नौकर सफ़ाई कर रहा है ।

(द) नीचे दिए गए शब्दों में से चुनकर लिखिए – एकवचन है या बहुवचन (3)

आसूँ , कविताएँ, पानी, चाबी, हैं, मैं

प्र.14 नीचे दिए गए वाक्यों में से संज्ञा शब्दों को छाँटकर उनके भेद लिखिए । (3)

(क) उसने मुझे एक अच्छी किताब दी । ________ ________

(ख) वहाँ बहुत भीड़ है । ________ ________

(ग) हम मुंबई जाएँगे । ________ ________

प्र.15 दिए गए सर्वनाम शब्दों से वाक्य बनाइए – (3)

(क) कौन (ख) तुम (ग) हम

प्र.16 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए –

(क) अकबर को पहरेदार की दखलंदाज़ी अच्छी क्यों नहीं लगी ?(20–30 शब्दों में उत्तर लिखिए) **(3)**

(ख) पैदल हरकारों को किस–किस तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ता होगा ? (20–30 शब्दों में उत्तर लिखिए) **(3)**

(ग) आपको रामचंद्रजी की कौन–कौन सी बातें अच्छी लगती है? (पाँच वाक्यों में लिखिए) **(5)**

(घ) 'जहाँ चाह वहाँ राह' पाठ से क्या शिक्षा मिलती है ? (पाँच वाक्यों में लिखिए) **(5)**

(खंड–द)

प्र.17 पत्र लेखन (40–50 शब्दों में लिखिए) (5)

मित्र को जन्मदिन की बधाई देते हुए पत्र लिखिए ।

अथवा

चित्रकला प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए अपने विद्यालय के प्राचार्य को दो दिन के अवकाश हेतु पत्र लिखिए ।

प्र.18 किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए – (50–60 शब्दों में लिखिए) (5)

अ) रक्षाबंधन

ब) प्रातःकाल की सैर

स) मेरा प्रिय खिलाड़ी

प्र.19 नीचे दिए गए चित्र को देखकर (30–40 शब्दों में) वर्णन कीजिए । (4)